दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 23.01.2026

प्रकाशनार्थ

शिक्षक शिक्षा विभाग में सरस्वती पूजा एवं पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन

गोरखपुर 23.01.2026। दिग्विजयनाथ पी०जी० कालेज गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा एवं पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन बी.एड. छात्र परिषद् के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे शिक्षक व छात्र छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की आराधना, पूजन, हवन एवं आरती की गयी। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरस्वती पूजन बी.एड. छात्र परिषद् की अध्यक्ष प्रशिक्षु आकांक्षा राव तथा मंत्री नेहा दुबे ने किया। समस्त पूजन कार्य प्रशिक्षु प्रदुम्न दुबे द्वारा संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जो कि पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है पर एक विचारगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात् प्रशिक्षु नितेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाषचंद्र बोस जी ने सिविल सर्विसेज़ की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी उस पद को त्याग दिया और देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का मार्ग चुना। यह उनके त्याग और देशभक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण है। विचार अभिव्यक्ति के इसी क्रम में द्वितीय सेमेस्टर की प्रशिक्षु प्रांजली प्रिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवाओं को सुभाषचंद्र बोस के आदर्शों को अपनाते हुए समाज की बुराइयों को दूर करने तथा राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

अंत में कार्यक्रम के संचालक प्रद्युम्न दुबे ने नेताजी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सुभाषचंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान प्रणेता थे, जिन्होंने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से देश को आज़ादी की दिशा में आगे बढ़ाया। इसके पश्चात् इनके द्वारा सभी प्राध्यापको एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन सभी उपस्थित प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर बी.एड. चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं सहित विभाग प्रभारी प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अरुण कुमार तिवारी, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव श्री गोपाल सिंह एवं विभाग के परिचर श्री अमरनाथ चौधरी उपस्थित रहे।

(डॉ. शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क